आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 07/04/2026 समय : 07.10 PM

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला नेतृत्व वाली शासन व्यवस्था पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का लेख साझा किया।

- प्रदेश कैबिनेट ने 16 हजार 720 करोड़ के विकास कार्यों को दी मंजूरी, गेहूं खरीदी अब 9 अप्रैल से शुरू होगी।

- सिंहस्थ-2028 के लिए 2 हजार 985 करोड़ के निर्माण कार्यों को मंजूरी, 2027 की दीपावली तक पूरा होगा काम।

- केंद्र सरकार ने प्रवासी मजदूरों के पांच किलो एलपीजी सिलेंडर का दैनिक आवंटन दोगुना किया।

पीएम मोदी- लेख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा लिखित एक लेख साझा किया है। इस लेख में देश में महिला नेतृत्व वाली शासन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला गया है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रतिनिधित्व का वास्तविक प्रभाव में बदलना जरूरी है। श्री मोदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम की नींव रखे जाने के साथ, देश अधिक से अधिक महिला नेतृत्व वाली शासन व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है।

कैबिनेट बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। सरकार ने विभिन्न विकास कार्यों के लिए 16 हजार 720 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। किसानों के लिए गेहूं खरीदी अब 9 अप्रैल से शुरू होगी. वहीं चना-मसूर खरीदी के लिए 3 हजार 174 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। अनुसूचित जाति के छात्रों को दिल्ली में उच्च शिक्षा के

लिए हर माह 10 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी। सिंहस्थ को देखते हुए उज्जैन में नए एयरपोर्ट के निर्माण को भी मंजूरी मिली है।

सिंहस्थ 2028 समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज "सिंहस्थ-2028" को लेकर मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक हुई। बैठक में करीब 2 हजार 985 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों को मंजूरी दी गई। सभी काम 2027 की दीपावली तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

पश्चिमी क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन

आज राजस्थान की राजधानी जयपुर में पश्चिमी क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन 2026 का आयोजन हुआ। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसका उद्घाटन किया। सम्मेलन में राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और गोवा के कृषि मंत्रियों ने हिस्सा लिया। इसमें किसानों की आय बढ़ाने, प्राकृतिक खेती और आधुनिक तकनीक अपनाने पर जोर दिया गया।

छोटू सिलेंडर- दौगुना

केंद्र सरकार ने प्रवासी मजदूरों को मिलने वाले पांच किलो के एलपीजी सिलेंडर के दैनिक आवंटन को दोगुना करने का फैसला किया है। पेट्रोलियम मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को इस बारे में पत्र लिखा है। ये सिलेंडर राज्य सरकारें तेल कंपनियों के सहयोग से सिर्फ प्रवासी मजदूरों तक पहुंचाएंगी। पिछले महीने की 23 तारीख से अब तक करीब छह लाख 75 हजार सिलेंडर बेचे जा चुके हैं। 'छोटू' सिलेंडर प्राप्त करने वाले एक ग्राहक ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया-

पेट्रोल, डीजल गैस की समीक्षा

भोपाल में आज मंत्रिमंडल समिति की बैठक में पेट्रोल, डीजल और गैस की उपलब्धता की समीक्षा की गई। अंतरराष्ट्रीय हालात को देखते हुए एलपीजी आपूर्ति सुचारु रखने के निर्देश दिए गए। समिति ने कहा कि किसी भी तरह की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की जाए। अब तक

हजारों सिलेंडर जब्त कर कई मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। वहीं शहरों में 25 दिन और गांवों में 45 दिन में गैस बुकिंग की जा रही है। समिति ने अगले तीन महीने में 2 लाख नए कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा है।

शबरीमला मंदिर- सुप्रीम कोर्ट सुनवाई

सर्वोच्च न्यायालय में आज नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने शबरीमला मंदिर सहित, धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ कथित भेदभाव और विभिन्न धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की। सुनवाई से पहले, केंद्र ने लिखित दलीलें प्रस्तुत करते हुए न्यायालय से आग्रह किया कि वह मासिक धर्म के दौरान महिलाओं के शबरीमला मंदिर में प्रवेश पर प्रतिबंध को जारी रखे।

लोकसभा अध्यक्ष- नीमच दौरा

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नीमच के सिंगोली में पंच कल्याणक महोत्सव में हिस्सा लिया। उन्होंने मुनि प्रणम्य सागर जी महाराज का आशीर्वाद लिया और उनका सम्मान किया। श्री बिरला ने कहा कि अहिंसा और आध्यात्मिक मार्ग से जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है। इसके अलावा जिले में आज जनसुनवाई आयोजित हुई, जिसमें 99 आवेदकों की समस्याएं सुनीं गईं।

सूचना आयुक्त शपथ

लोकभवन में आज मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग के नए सूचना आयुक्तों का शपथ ग्रहण हुआ। आलोक नागर और आकाशवाणी, भोपाल के पूर्व कार्यक्रम प्रभारी राजेश भट्ट ने पद की शपथ ली। सरकार का कहना है कि इन नियुक्तियों से सूचना आयोग में पारदर्शिता और जवाबदेही और मजबूत होगी।

भाजपा- गांव बस्ती चलो अभियान

भाजपा ने अपने स्थापना दिवस पर आज से 'गांव-बस्ती चलो' अभियान शुरू किया है। यह अभियान 12 अप्रैल तक प्रदेश की सभी 230 विधानसभा सीटों में चलेगा। मंत्री, सांसद और विधायक हर निर्वाचन क्षेत्र के 50 गांवों का दौरा करेंगे। इस दौरान कार्यकर्ता बूथ स्तर पर बैठकें कर सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे।

जन विश्वास बिल

संसद ने हाल ही में जन विश्वास विधेयक 2.0 पारित किया है। इस बिल के तहत 23 मंत्रालयों के 79 कानूनों के करीब 717 प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से हटाया गया है। अब छोटी तकनीकी गलतियों के लिए जेल की जगह केवल जुर्माने का प्रावधान होगा। ड्राइविंग लाइसेंस रिन्यू न कराना या जन्म-मृत्यु की सूचना न देना जैसी छोटी चूकें अब अपराध नहीं मानी जाएंगी। इस बिल से करीब पांच करोड़ छोटे मामले अदालतों से कम होने का अनुमान है, जिससे आम नागरिकों और छोटे कारोबारियों को बड़ी राहत मिलेगी।

मौसम का हाल

अब बात मौसम की। प्रदेश में आंधी-बारिश का नया सिस्टम एक्टिव हो गया है। मौसम विभाग ने भिंड और श्योपुर में ओले गिरने और आकाशीय बिजली चमकने का अलर्ट जारी किया है। ग्वालियर, मुरैना, सतना, रीवा समेत कई जिलों में बारिश और बिजली गिरने की संभावना है। 9 अप्रैल तक 34 जिलों में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी है और कुछ जिलों में हवा की रफ्तार 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

समाचार संक्षेप में -----

- नीमच कलेक्ट्रेट में आज जनसुनवाई हुई। डिप्टी कलेक्टर चंद्रसिंह धार्वे और श्रुति भयडिया ने 99 लोगों की समस्याएं सुनीं।
- खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले में सभी जल संरचनाओं का काम 15 जून से पहले पूरा करने के निर्देश दिए हैं ।
- झाबुआ में “संकल्प से समाधान अभियान” का समापन हो गया है। जिसमें 83 हजार से ज्यादा आवेदनों का निराकरण किया गया ।
- बैतूल कलेक्टर ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं।

- वही मंदसौर में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ने 69 आवेदकों की शिकायतों को सुनकर समाधान के निर्देश दिए।
- उधर दतिया में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से आज जनसुनवाई का आयोजन किया गया।
- शिवपुरी के कोलारस में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से आयोजित सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित किया गया।
- प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय 11 अप्रैल को आगरमालवा जिले की सुसनेर नगर परिषद के नवनिर्मित भवन का फीता काटकर लोकार्पण करेगें।
- जबलपुर जिले के ग्राम खजरी खरिया में किसानों के लिए मात्र 10 रुपये प्रति एकड़ की लागत में गेहूँ की कटाई करने वाली इलेक्ट्रिक रीपर मशीन का प्रदर्शन किया गया।
- अशोकनगर में आज आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया गया।
- धार में इस वर्ष आठवे पोषण पखवाड़ा का 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक आयोजन किया जाएगा। पखवाड़े के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

..........................